# तैयारी : इलेक्ट्रिक वाहनों के दाम 30% तक घटेंगे

अच्छी खबर

नई दिल्ली | सौरभ शुक्ल

इलेक्ट्रिक गाड़ियां आने वाले कुछ महीनों में 30 फीसदी तक सस्ती हो सकती हैं। आम बजट में बैटरी स्वैपिंग (अदला-बदली) के ऐलान के बाद सरकार कर में छूट समेत कई अन्य रियायतें देने पर विचार कर रही है।

'हिन्दुस्तान' को मिली जानकारी के मुताबिक, इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देने के मकसद में बैटरी की कीमत सबसे बड़ी अड़चन रही है। इसका हिस्सा गाड़ी की कुल कीमत में से 30-40% होता है। अब बैटरी स्वैपिंग व्यवस्था से गाड़ी में से बैटरी की कीमत हट जाएगी यानी वाहन लेते समय गाड़ी की कीमत ही देनी होगी। इसके बाद ग्राहक अलग-अलग कंपनियों से बैटरी किराए पर ले सकेंगे। किराया बैटरी की क्षमता-आकार के हिसाब से होगा। सूत्रों के मुताबिक, किराए में बैटरी की कुछ कीमत चुकाने का विकल्प भी दिया जा सकता है। बैटरी की चार्जिंग खत्म होने पर उसे कंपनियों के स्टोर पर ले जाकर बदल सकेंगे। इससे उसे चार्जिंग में रखरखाव पर खर्च नहीं करना पड़ेगा।